प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

हरदीप भल्ला की संकर गाभिन गाय रहीं सर्वोत्तम पशु

पन्तनगर। 11 मार्च 2024। विश्वविद्यालय में चल रहे चार–दिवसीय किसान मेले के तीसरे दिन आज पशुचिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान महाविद्यालय के प्रांगण में पशु–प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें पशुपालकों ने अपने पशुओं का 7 वर्गों में प्रदर्शन किया। इस पशु–प्रदर्शनी में श्री हरदीप भल्ला पुत्र श्री जसपाल सिंह, रूद्रपुर, की संकर गाभिन गाय को सर्वोत्तम पशु घोषित किया गया जिसे विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने रिबन बांधकर सुशोभित किया। इस पशु प्रदर्शनी में कुल 43 पशु सम्मिलित हुए।

इस प्रदर्शनी में सांड वर्ग में श्री भूपेन्द्र भारती का सांड; बछिया वर्ग में श्री भूपेन्द्र भारती की बछिया; संकर शुष्क गाय वर्ग में डा. सलीम की गाय; गाभिन भैस वर्ग में डा. सलीम की भैस; स्वदेशी गाभिन गाय वर्ग में श्री भूपेन्द्र भारती की गाय ; स्वदेशी दुधारू गाय वर्ग में श्री भूपेन्द्र भारती की गाय, भैस कटरा वर्ग में मोहम्मद आरिफ का कटरा; संकर गाभिन गाय वर्ग में श्री हरदीप भल्ला की गाय एवं बकरा वर्ग में मोहम्मद आरिफ तथा श्री संजय कांडपाल का बकरा प्रथम स्थान पर रहे। शुष्क बछिया वर्ग में श्री रोहित यादव की बछिया; स्वदेशी बछिया वर्ग में श्री राम प्रवेश की बछिया; स्वदेशी कटरा वर्ग में श्री भूपेन्द्र भारती का कटरा एवं भैस वर्ग में मोहम्मद आरिफ की भैस द्वितीय स्थान पर रहे।

इस पशु–प्रदर्शनी के संयोजक, अधिष्ठाता पशुचिकित्सा, डा. एस.पी. सिंह एवं सह संयोजक डा. एस.सी. त्रिपाठी थे। निर्णायक मण्डल में डा. शिव प्रसाद, डा. जे.एल. सिंह, डा. आर.एस. बरवाल, डा. बी.एन. शाही एवं डा. अमित प्रसाद थे। इस कार्यक्रम के सहयोग में डा. एस.के. सिंह, डा. सुनील कुमार, डा. राजीव रंजन एवं डा. सतीश कुमार का सहयोग रहा। महाविद्यालय के तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के छात्रों का भी विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में पशुपालकों को पशु स्वास्थ्य संबंधित किट एवं मिनरल मिक्चर निःशुल्क बांटे गये।

श्री हरदीप भल्ला की संकर गाभिन गाय को रिबन बांधकर सर्वोत्तम पशु के रूप में सुशोभित करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।

निदेशक संचार